हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

11 विज्ञान प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल के छात्रों का रहा जलवा



12 संविधान बचाने को शहीद उधम सिंह के जीवन से लें प्रेरणा



## खबर संक्षेप

### लोहारू में मनाया उपभोक्ता दिवस

**लोहारू।** मंगलवार को स्थानीय खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय में उपभोक्ता दिवस मनाया गया। जिसमें सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अजय कुमार ने उपभोक्ताओं को अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता, मानक तथा मूल्य के बारे में जानने के अधिकारों को समझाया।

### फायरिंग करने पर दो को किया गिरफ्तार

**बाढ़ड़ा।** पुलिस ने लड़के के जन्मदिन अवसर पर दोस्तों के साथ हर्ष फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों से एक डोगा बंदूक ,15 कारतूस व 7 खोल बरामद किए है। पुलिस द्वारा मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। बता दे कि बीते 24 दिसंबर को पुलिस चौकी अचीना ताल की टीम गस्त पडताल के दौरान अटेला बस अड्डे पर मौजुद थी।

### सुंदर ब्रांच नहर में पानी को लेकर प्रदर्शन आज

**भिवानी।** सुंदर ब्रांच नहर में एक सप्ताह पानी दिए जाने की मांग को लेकर 27 दिसंबर को भिवानी में होने वाले प्रदर्शन में महिला किसानों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र तालु के निर्देशानुसार ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा की युवा महिला विंग जिला अध्यक्षा शशीबाला गोयत ने मंगलवार को जिला के गांव कुंगड़, भैणी, खेड़ी आदि गांवों में निमंत्रण अभियान चलाया।

### परिवार पहचान पत्र के आधार पर कार्ड जारी

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र के आधार पर तीन श्रेणियों के राशनकार्ड जारी किए जा रहे है, जिनमें एपीएल, बीपीएल तथा एएवाइ राशन कार्ड शामिल हैं। बीपीएल और एएवाई राशनकार्ड सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र में वेरिफाइड इन्कम के आधार पर स्वयं बनाए जाते है और इनके लिए आवेदन करने की आवश्यकता नही होती।

### पाइप लाइन से एसटीपी तक पहुंचेगा पानी

**चरखी दादरी।** इस साल शहर में किए जा रहे कार्य अगले साल धरातल पर नजर आएंगे और शहर को जलभराव की समस्या से स्थाई निजात मिल पाएगी। उपायुक्त मनदीप कौर कर दूरदर्शिता अभी से भलीभूत होती दिख रही है। इसी के तहत में बरसाती पानी निकासी के लिए पाइप लाइन डालने का काम किया जा रहा है जोकि लगभग 70 प्रतिशत पूरा भी हो चुका है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद का जताया आभार

**भिवानी।** पिछले दिनों गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान रोहतक को नगर निगम द्वारा पहरावर गांव में जमीन पट्टे पर दी गई थी, उसकी पट्टा राशि जो प्रत्येक वर्ष दो लाख है और उसमें प्रत्येक वर्ष दस प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। इसके लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान को पचास लाख रुपये की राशि अपने निजी कोष से दी है, जिसकी एफडी करवा, ब्याज से पट्टा राशि भरी जाएगी।

### शहीद उद्यम सिंह को जयंती पर किया नमन

**बाढ़ड़ा।** सामाजिक संगठन धर्मसेना द्वारा मंगलवार को शहीद उद्यम सिंह की 125वीं जयंती पर कस्बे के चरखी दादरी रोड़ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धर्मसेना के प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य व जिला परिषद चेयरमैन मंदीप डालावास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में धर्मसेना कार्यकर्ताओं ने शहीद उद्यम सिंह चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया व देश की आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

## रेलगाड़ियों के देरी से चलने की वजह से अन्य वाहनों की ओर लोगों का रूख

# धुंध ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार, गोरखधाम तीन तो किसान साढ़े तीन घंटे हुई लेट

गाड़ियों के देरी से चलने व पहुंचने की वजह से यात्रियों को परेशानी हुई, समय की सहूलियत को देखते हुए लोगों ने लिया अन्य वाहनों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। धुंध को चिर कर गंतव्य की ओर जाती रेलगाड़ी। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। ठंड से बचने के लिए अलाव सेकते हुए। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को धुंध की चादर तनी रही। दृश्यता पांच मीटर से भी कम रही। धुंध की गहनता के चलते रेलगाड़ियों के कदम ठिठक गए। जिसकी वजह से गोरखधाम एक्सप्रेस तीन तो किसान एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे देरी से भिवानी पहुंची। इनके अलावा अन्य एक दर्जन से ज्यादा रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से देरी से गंत्तव्य तक पहुंची। रेलगाड़ियों का गणित गड़बड़ाने की वजह से दैनिक यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई कई घंटों तक इंतजार करने के बाद रेलगाड़ियां नहीं पहुंची। उसके बाद निजी वाहनों से ही गंत्तव्य तक गए। यह स्थिति मंगलवार दोपहर तक बनी रही। धूप निकली तो लोगों की दिनचर्या पटरी पर लौटी। सुबह जब लोग सोकर उठे तो घर के आंगन में भी धुंध की चादर तनी हुई थी। घर आंगन में बड़ी मुश्किल से आठ से दस फुट दूरी तक का नजर आ रहा था। घर से बाहर निकलने पर तो समझों दिन फिर से रात में बदल गया। यह स्थिति दस बजे तक बनी रही। उसके बाद धीमी गति से हवा चली तो धुंध की चादर फटने लगी। 11 बजे एक बार सूर्यदेव ने दर्शन दिए तो लोगों को लगा कि ठंड से छुटकारा मिलेगा,लेकिन कुछ देर बाद हवा पर विराम लगा तो धुंध के बादलों की वजह से धूप धुंधली हो चली। दूसरी तरफ किसान इस मौसम में धुंध की चादर तनना रबी फसलों के लिए बेहतरीन मान रहे है। उनका कहना है कि अगर इस वक्त धुध्र गिरती है तो रबी फसलों में फायदा होगा और फसलों में अच्छा फुटाव बनेगा।

### यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी

धुंध की गहनता इतनी ज्यादा थी कि सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ियां भी पैसेजंर की गति से गंत्तव्य तक पहुंची। दृश्यता कम होने की वजह से अपने निर्धारित समय से किसान एक्सप्रेस करीब साढ़े तीन घंटे देरी से भिवानी पहुंची। गाड़ी के देरी से पहुंचने की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। जिन लोगों को दिल्ली की तरफ किसान एक्सप्रेस में जाना था। उन यात्रियों को निजी वाहन या बसों में सफर करना पड़ा। यही स्थिति गोरखधाम एक्सप्रेस की रही। गोरखधाम एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से तीन घंटे देरी से पहुंची। इनके अलावा सिरसा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से दो घंटे देरी से पहुंची। इसी तरह भिवानी से गंगानगर की तरफ जाने वाली पैसेजंर गाड़ी डेढ घंटा देरी से चली। इनके अलावा अन्य लंबी दूरी की गाड़ियां भी पूरी तरह से प्रभावित हुई। गाड़ियों के देरी से चलने व पहुंचने की वजह से यात्रियों को खूब परेशानी हुई। वहीं धुंध की वजह से हरियाणा रोडवेज की लंबी दूरी वाली बसें गंत्तव्य तक निर्धारित समय से देरी से पहुंची। यह स्थिति सुबह ही ज्यादा रही। दोपहर बाद धुंध की चादर फटने के बाद वाहनों की गति बढ़ पाई।





### सामाजिक समरसता को बढ़ा रही खुशियों की दीवार

**लोहारू।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय के प्राचार्य राजीव आर्य ने कहा कि प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा अनाजमंडी मंडी में जरूरतमंदों की मदद के लिए शुरू की गई खुशियों की दीवार कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाली है। इससे समाज के जरूरतमंद लोगों को भरपूर सहयोग मिल रहा है और संपन्न लोगों को पुण्य कमाने का अवसर मिल रहा है। वे मंगलवार को खुशियों की दीवार कार्यक्रम में पहुंचे थे। बता दें कि प्रयास संगठन द्वारा सात-आठ वषांे अनाजमंडी परिसर में यह खुशियों की दीवार सजाई जा रही है। जिसके अंतर्गत कोई व्यक्ति यहां कपड़े, जूते चप्पल, किताबें या अन्य जरूरी उधर ढाणी रहीमपुर के सरपंच राकेश शर्मा भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना बहुत ही पुण्य का कार्य होता है। उन्होंने प्रयास संगठन के प्रयासों की सराहना की।

## सर्दी के चलते रैन बसेरा में मिलेगा असहाय लोगों को आसरा: डीसी

- जिला में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए रैन बसेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अत्यधिक ठंड के चलते जरूरतमंद व असहाय लोगों के लिए जिला के शहरी इलाके में रैन बसेरे स्थापित किए हैं। प्रशासन असहाय जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयासरत है। इसी के चलते शहर में अस्थाई तौर पर रैन बसेरों की व्यवस्था की जा रही है। उपायुक्त नरेश नरवाल द्वारा शहरी प्रशासन और रेडक्रॉस सोसायटी को रैन बसेरा बाबत निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उपायुक्त के निर्देशानुसार भिवानी शहर में बस स्टैंड, नगर परिषद कार्यालय के नजदीक रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरा बनाया गया है। तोशाम उपमंडल में पंचायत घर तोशाम में रैन बसेरा बनाया गया है। इसी प्रकार से बवानीखेड़ा में वार्ड नंबर पांच नजदीक बस स्टैंड बवानीखेड़ा में रैन बसेरा बनाया गया है। उपमंडल लोहारू में नगर पालिका कार्यालय लोहारू के पास स्थित जलतंरग में रैन बसेरा बनाया गया है। सिवानी उपमंडल में कबीर धर्मशाला वार्ड नंबर 12 में अस्थाई रैन बसेरे बनाए गए है।

## सरकारी स्कूलों में सुविधाओं का अभाव: सांगवान



मनीषा सांगवान।

**चरखी दादरी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीषा सांगवान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सरकार राजकीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षा के दावे करती हैं लेकिन विद्यार्थियों को वहां मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं हो रही है। राजकीय विद्यालयों में हालात इतने खराब हैं कि बच्चों के बैठने के लिए बैंच तक की सुविधा नहीं हैं। सरकार व प्रशासन को इस पर संज्ञान लेकर सरकारी विद्यालयों के हालातों में सुधार करना चाहिए ताकि वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जरुरी सुविधाएं मिल पाए और वे अपनी पढ़ाई सुचारू रख सके। सांगवान ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में सुविधाओं का पूरी तरह से टोटा है। यदि विद्यालय भवनों की बात की जाए तो कई स्थानों पर खिड़की व गेट टूटे होने के कारण बच्चों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बच्चों को बैंच के अभाव में जमीन पर बैठना पड़ रहा है।

### लोहारू में महिला खेलकूद प्रतियोगिता आज

**लोहारू।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चौधरी देवीलाल खेल स्टेडियम में 27 दिसंबर को ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। प्रतियोगिता में एसडीएम अमित कुमार मुख्य अतिथि होंगे। सीडीपीओ दर्शना ने बताया कि ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 300 मीटर, 400 मीटर, साइकिल रेस, मटका रेस, आलू रेस खेलों का आयोजन करवाया जाएगा और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वालों को 2100,1100, 750 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

## पुलिस अफसरों ने बैठक में सुनी लोगों की समस्याएं

- कॉलोनी में गशत बढ़ाएं पुलिस प्रशासन : ग्रेवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मीटिंग में मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी व पुलिस अधिकारी।

कृष्णा कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर सदन में मंगलवार को कृष्णा कॉलोनी मार्केट एसोसिएशन व पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखी तथा उनके समाधान की मांग उठाई। एसोसिएशन के प्रधान तकदीर सिंह ग्रेवाल, महासचिव प्रदीप वर्मा, प्रेस सचिव संजय महता ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष शहर में बढ़ रही चोरियों की वारदात की समस्याएं रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के साथ पार्क में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, ऐसे में वे पुलिस प्रशासन से मांग करते है कि कृष्णा कॉलोनी मार्केट में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि मार्केट में इन दिनों अतिक्रमण की समस्या भी बढ़ती जा रही है, जिसके चलते राहगीरों को पैदल जाने की जगह भी नहीं मिलती। सिटी थाना के एसएचओ निरीक्षक विद्यानंद व दिनोग गेट चौकी इंचार्ज सहायक उपनिरीक्षक मनीष वालिया ने कहा कि व्यापारियों को सुविधा व सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर उपप्रधान शीलम, आत्मप्रकाश, मोहन सेहरा, योगप्रकाश, धनेश चुघ, पूर्ण आजाद, बिट्टू कार्तिक, मदन कामरा आदि मौजूद रहे।

### 1 से 07 जनवरी तक होगी एचटेट के अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने आज यहाँ बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा.2023 एचटेट का आयोजन 02 व 03 दिसम्बर को करवाया गया था। परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर को घोषित किया जा चुका है, परीक्षा परिणाम घोषणा से पूर्व अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में स्थापित वैरीफिकेशन केन्द्रों पर बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन करवाई गई थी। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों को बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन प्रक्रिया के लिए 17 व 18 तथा 21 व 22 दिसम्बर, 2023 को बुलाया गया था, लेकिन कुछ अभ्यर्थी इस प्रक्रिया के दौरान भी अनुपस्थित रहे। ऐसे 1014 अभ्यर्थियों को बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन के लिए एक अन्तिम अवसर दिया जा रहा है। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इस तीसरे अवसर में भी अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों द्वारा बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन के लिए अनुरोध किये जाने पर निर्धारित शुल्क देय होगा। उन्होंने बताया कि एचटेट लेवल.2 परीक्षा सेट.ए के प्रश्न संख्या 77, सेट.बीके प्रश्न संख्या 61, सेट.सी के प्रश्न संख्या 73 व सेट.डी के प्रश्न संख्या 63 के 1308 ऐसे अभ्यर्थी जिनका परिणाम घोषित किया गया है, उन द्वारा भी बायोमैट्रिक वैरीफिकेशन करवाई जानी है। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची भी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### समारोह में बच्चे को गोद में लेकर हर्ष फायरिंग, 2 आरोपी गिरफ्तार



**चरखी दादरी।** एक मांगलिक समारोह के दौरान बच्चे को गोद में लेकर हर्ष फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को काबू किया है, उनके पास एक डोगा, 15 कारतूस व 7 खोल बरामद हुए हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। ज्ञात रहे कि कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर बच्चे को गोद लेकर फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिसमें दो युवा एक मांगलिक समारोह में हर्ष फायरिंग करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो में एक युवक डोगा व दूसरा पिस्तौल से फायरिंग कर रहा था, जिसमें जान का जोखिम था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए उनकी पहचान शुरू कर दी थी। कल पुलिस को गुप्त सुत्रों से पता चला है कि वायरल वीडियो 9 दिसंबर को दादरी जिला के गांव हड़ौदी में बनाया गया था। जिसमें हड़ौदी निवासी सुनील उर्फ राजा के लड़के प्रिन्स के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम का है। जिसमें सुनील उर्फ राजा ने अपने छोटे बच्चे को गोद में लेकर अपने दोस्त रोहतक निवासी नरेश की डोगा बन्दूक व हड़ौदी निवासी परमवीर अपने पिस्तौल से हर्ष फायरिंग कर रहे हैं।

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा की कार्यकारिणी का हुआ गठन

**बवानीखेड़ा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा की खंड बवानी खेड़ा इकाई की आम सभा की बैठक पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह बवानी खेड़ा में जिला प्रधान भूपेन्द्र चाहर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसका संचालन जिला महासचिव शोभित सिंह ने किया।इस बैठक में निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा अपने पिछले तीन वर्ष के कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। खंड कार्यकारिणी की ओर से प्रधान संजय जांगड़ा ने सदस्यता और संघर्ष फंड से प्राप्त आय तथा विभिन्न संघषोंर् के लिए किए गए व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। जिसे सदन ने सहमति जताई तथा करतल ध्वनि से पास कर दिया। निवर्तमान खंड प्रधान संजय जांगड़ा ने कार्यकारिणी द्वारा तीन वर्ष में संगठन द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमोंर् पर चर्चा रखते हुए बताया कि संगठन ने इस कार्यकाल के दौरान काफी संघर्ष किया है जिसके फलस्वरूप निदेशक से प्राथमिक शिक्षकों से गैरशैक्षणिक कायोंर् में उलझाने के आदेशएकोरोना काल में सर्वे के लिये प्राथमिक शिक्षकों को न लगाने के आदेश हो। इसके बाद उन्होंने अपनी निवर्तमान खंड कार्यकारिणी का इस्तीफा दिया। इसके बाद कार्यवाही संपन्न हुई जिसमे आगामी तीन वर्ष के लिए सुनील दत्त राजकीय प्राथमिक पाठशाला रामूपुरा को प्रधान ए विनोद खटाना राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला बलियाली को सचिव, शिव कुमार राजकीय प्राथमिक पाठशाला भुरटाना को उप प्रधान, मनोनित किया गया।



### नशामुक्ति की अलख जगाने वाले रथ को एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी

**तोशाम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंटआबू से नशामुक्त अभियान का सुसज्जित रथ मंगलवार को तोशाम स्थित लघु सचिवालय में पहुंचा। रथ को तोशाम के एसडीएम मनोज कुमार दलाल व राजयोगिनी मंजू ने हरी झंडी व शिव बाबा का ध्वज दिखाकर गावों के लिए रवाना किया। इस दौरान लघु सचिवालय परिसर में रथ में लगी कुम्भकर्ण की झांकी व नशामुक्ति के लिए विडियो के माध्यम से दिखाया गया, जिसकी उपस्थित गणमान्य नागरिकों व एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने सराहना की। कार्यक्रम में बीके रामेश्वर, आत्मप्रकाश, बीके नरेश, अधिवक्ता जितेंद्र सिंह चहल व अनेक लघु सचिवालय के कर्मचारियों अधिकारियों ने भी रथ के माध्यम से प्रदर्शनी को देखा।

## आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता

- आसानी से ली जा सकती है मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज को आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान कर दी है। अब संबंधित व्यक्ति या परिवार आसानी से मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकता है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए इलाज के चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया जा सकता है। यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिल सकता है।

### कृषि मंत्री ने कहा कि पूरा लोहारू हलका मेरा परिवार

## सरकार किसानों के साथ हर समय तैयार: जेपी दलाल

- अन्नदाता महासम्मेलन में जुटे जनसमूह ने 2024 के चुनावों पर लगा दी है मुहर : जेपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



बहल। बहल अनाज मंडी विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कृषि मंत्री जेपी दलाल। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह के जन्म दिवस पर सिंघानी में आयोजित अन्नदाता महासम्मेलन में पूरे क्षेत्र से जुड़ी हजारों की भीड़ ने साबित कर दिया है कि केंद्र व प्रदेश सरकार से हर वर्ग खुश है। इस रैली की गूंज भिवानी व चंडीगढ़ तक ही नहीं, दिल्ली तक गई है। रैली से साबित हो गया है कि 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में केंद्र तथा हरियाणा में भाजपा प्रचंड बहुमत से तीसरी बार सरकार बनाएगी। कृषि मंत्री मंगलवार को बहल तथा सिवानी के विश्राम गृह में अन्नदाता सम्मेलन की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताने आए थे। उन्होंने कहा कि पूरा लोहारू हलका उनका परिवार है व हलके का एक एक कार्यकर्ता उनको अपने प्राणों से प्यारा है। उनको हमेशा इस बात का फक्र रहता है कि उनके पास ऐसे समर्पित कार्यकर्ता है जो उनके एक बुलावे पर कहीं भी आए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्नदाता सम्मेलन में आपकी मेहनत से जो सफलता मिली हैए उसकी आवाज पूरे देश में गई है। अब आने वाला समय हम सब के लिए मिलकर काम करने का वक्त है। हम सबको एकजुट होकर लोगों तक सरकार की नीतियों को पहुंचना है ताकि विपक्ष के लोग अपने दुष्प्रचार से लोग गुमराह न हो। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने हमेशा अंत्योदय की भावना से काम करके गरीब से गरीब व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का फायदा उनके घर तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने करीब 3700 करोड़ रुपए लोहारू के विकास के लिए जारी किए है जिस पर करीब 2000 करोड़ रुपये से 'यादा की राशि विकास कायोंर् में खर्च की जा चुकी है। सरकार की किसान हितैषी नीतियों से आज हलके का किसान निरंतर प्रगति पर है।

## खबर संक्षेप



### पैक्स कर्मचारी आज करेंगे सीएम आवास का घेराव

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को पैक्स कर्मचारी महासंघ हरियाणा के कर्मचारियों की एक बैठक शाहाबाद पैक्स में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता कर्मचारी मंजीत सिंह ने की। बैठक के बाद हरियाणा सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री का घेराव करने बारे कहा। मंजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा में सभी पैक्स कर्मचारी सरकार की नीतियों से परेशान है और इससे पहले 19 दिसंबर को पंचकूला में हरियाणा के सभी पेक्स कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया था।

### चोरों ने सूने घर से चुराई 25 हजार की नकदी

**यमुनानगर।** शहर की सत्यम विहार जोगिंदर नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपये की नकदी तथा चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर का ताला लगाकर सरहिंद पंजाब गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नपा ने रादौर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रादौर।** नगरपालिका की ओर से मंगलवार को कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा सचिव सुरेंद्र मलिक की देखरेख में कस्बे के कॉलेज रोड पर जेसीबी मशीन से सड़क किनारे पड़ी गंदगी की सफाई करवाई गई। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि कस्बे में गलियों व नालों की विशेष साफ-सफाई करवाई जा रही है।

### 80 पूडिया गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर के मनमोहन नगर एरिया से पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में मनमोहन नगर के रामचंद्र को 80 पूडिया गांजा सहित काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने भारत नगर काबड़ी रोड पर नशा तस्कर ओमपाल पुत्र खिलाराम निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को 1 किलो 35 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ओमपाल के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पिछले कई दिन से कंपकपाती ठंड ने जनजीवन किया अस्तव्यस्त

# घने कोहरे व शीतलहर से ठिठुरे लोग

मंगलवार को तीसरे दिन भी शीतलहर चलने और घना कोहरा छाए रहने से लोग ठंड में ठिठूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में पिछले कई दिन से शीतलहर चल रही है और घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मंगलवार को तीसरे दिन भी अल सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा। आलम यह रहा कि घना कोहरा छाए रहे व शीतलहर चलने से मौसम में बनी हाड़तोड़ ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर बाद ही सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने धूप तापकर ठंड से राहत की सांस ली। वहीं, घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।



**यमुनानगर।** मंगलवार को सुबह के वक्त घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### बाजारों में ग्राहकों की कम रही आवक

पिछले कई दिन से पड़ रही ठंड की वजह से बाजारों में ग्राहकों की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को भी बाजारों में ग्राहक कम संख्या में पहुंचे। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार विक्रांत, सुनील, अमित सैनी व विशाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम काफी खराब चल रहा है। जिसकी वजह से बाजारों से ग्राहकों की रौनक गायब है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिले में जहां दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा, वहीं, दिन भर शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### घने कोहरे में वाहनों की हुई रफ्तार कम

मंगलवार अलसुबह तीन बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चल रही थी। वहीं, दोपहर एक बजे तक आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। दोपहर एक बजे के बाद किसी तरह सूर्यदेव के आगे से धुंध के बादल छंटने लगे और हल्की-हल्की धूप निकली। धूप निकलने पर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर किसी तरह अपने कामकाज निपटाए। मगर शाम चार बजे फिर से धूप गायब हो गई और लोग अपने गंतव्यों की रुख करने लगे। खास बात यह रही कि दोपहर तक जहां ट्रेने अपने निर्धारित समय से आधा से दो घंटा देरी से पहुंची। वहीं, बसों की रफ्तार भी धीमी रही और वह अपने गंतव्य पर देरी से पहुंची।

### तापमान घटने से ठंड ने छुड़वाई कंपकपी

मंगलवार को मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान घटकर न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## कोहरे की चादर में लिपटा शहर, जनजीवन अस्त व्यस्त



**कुरुक्षेत्र।** आसमान में छाई कोहरे की चादर।

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को दोपहर तक शीतलहर चलने के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। इस कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शीतलहर चलने के कारण कड़ाके की सर्दी पड़ने से लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। सुबह के समय लोग नींद से जागे तो उन्हें अंधेरे-सा अहसास हुआ। वाहन चालकों को दिन के समय भी हेडलाइट जलाना पड़ी। कोहरा इतना अधिक रहा कि आस-पास के मकान भी धुंधले दिखाई दे रहे थे। कपंकपाती सर्दी से बचने के लिए गलियों, चौराहों के साथ ही लोगों ने दुकानों के सामने अलाव जलाकर आग तापते रहे। सर्दी का प्रभाव इतना अधिक था कि गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को ठंड से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था। अलाव जला कर सर्दी से निजात पाने का प्रयास किया गया। ठंड के साथ धुंध लगातार बढ़ती जा रही है। हवा में ठिठुरन से हाड़ कंपाऊ ठंड से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ पड़ रहा कोहरा भी कहर ढाने लगा है। सर्दी की अधिकता के चलते वाहन चालकों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि यह कोहरा किसानों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ धुंध के चलते दृश्यता काफी कम रही। इसके चलते वाहनों की रफ्तार धीमी रही। सड़कों पर वाहन सवार लाइट जलाकर चलते नजर आए। दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा। सुबह अपने कामकाज पर जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, बाजारों में सुबह सर्दी के चलते दुकानें काफी देरी से खुली। दुकानदारों ने सुबह सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। वहीं सर्दी के प्रभाव को देखते हुए बाजारों में गर्म कंबलों, कोट, गर्म जैकेट, जर्सी की भी मांग बढ़ गई है। गौरतलब है कि कोहरे के चलते ठंडक बढ़ गई है। सुबह से समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे हुए दिखाई दिए। दोपहिया वाहन चालक जब अपने गंतव्य पर पहुंचे तो उनके कपड़ों पर भी कोहरा जम गया था। दोपहर 12 बजे कोहरा हटा और इसके बाद हलकी धूप निकली।



इंद्री। गांव मटकमाजरी के पास बन रहे निर्माणाधीन शौरूमो पर चलता पीला पंजा।

## योजनाकार विभाग की टीम ने चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जिला योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री में पहुंचकर अवैध रूप से बने निर्माणाधीन चार शोरूमों व एक अवैध कॉलोनी में बनी मकान की नींव को पीले पंजे की सहायता से ध्वस्त कर दिया। डीटीपी ओमप्रकाश व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नगरपालिका इंद्री सचिव धर्मवीर भारी पुलिस बल के साथ इंद्री के मटक माजरी के पास खेड़ा रोड पर पहुंचे और वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे तीन निर्माणाधीन शोरूमो को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया इसके बाद इन्ही शोरूमो के पीछे बनी एक अवैध कॉलोनी मे निर्माणाधीन मकान की नींव को भी तोड दिया। इस कार्यवाही के बाद डीटीपी अपनी टीम के साथ मुरादगढ रोड पर पहुंचे और वहां पर भी सड़क किनारे एक अवैध रूप से बन रहे निर्माणाधीन शौरूम को ध्वस्त कर दिया। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से इंद्री कस्बे के चारो तरफ धड़ल्ले से अवैध निर्माण का कार्य चल रहा था। जिला योजनाकार विभाग की इस कार्यवाही से अवैध रूप से निर्माण करने वाले लोगों में हडक्रंप मच गया। डीटीपी ओमप्रकाश ने लोगो से कहा कि वे अवैध कलोनियो मे प्लाट न खरीदे क्योकि अवैध कलोनियों मे इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

### 528 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के नौरंग तालाब से नशीले कैप्सूलों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी आशीष मल्होत्रा को काबू किया है। अब पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता है। इसके बाद पुलिस ने नौरंग राय तालाब के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 528 नशीले कैप्सूल बरामद हुए।

## पेयजल की पाइप न डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

वार्ड नंबर सात स्थित बालाजी मंदिर वाली गली में पिछले कई वर्षों से पीने की पाइप ना डाले जाने के कारण कॉलोनी वासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। कॉलोनी वासी बार-बार संबंधित विभाग व प्रशासन को इसके बारे में अवगत करवा चुके हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही गुस्साए कालोनी वासियों ने प्रशासन के खिलाफ कॉलोनी में एकत्रित होकर रोष प्रकट किया है।

नीरज कुमारी गणपति, किरण, आशा रानी, अमित, साहिल,पोली देवी, यश, गोल्डी नर्मिला व रविता आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी का ज्यादातर हस्सिा एप्रूव्ड हो चूका है। कॉलोनी में मात्र एक दो गालियां ही ऐसी है जो अनुप्रूड है। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों इन कॉलोनी में पीने के पानी हेतु पाइप डाल दिया था। लेकिन बालाजी मंदिर वाली गली व इसके एक साथ लगती गली में पाइप नहीं डाला गया। इसके बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से कई बार पत्र व्यवहार भी किया व सीएम विंडो के माध्यम से भी प्रदेश सरकार से आग्रह किया। लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक इन दोनों गलियों में पीने के पानी की पाइप डाली नहीं गई है।जिसके चलते इन दोनों गली के निवासियों को पानी की एक बाल्टी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

# 400 करोड़ के कर्ज में डूबी शुगर मिल को अटैच करने आदेश

- विरोध में उतरी किसान यूनियनें, एसडीएम ऑफिस में धरने का ऐलान, फसल लोन के 35 करोड़ भी डकारने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- किसानों के 70 करोड़ फंसे

कर्ज में डूबी बनौंदी शुगर मिल को अटैच करने के आदेश जारी हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों के बाद वे किसान परेशान हैं जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान मिल की ओर बकाया है। ऐसे में अब किसान मिल को अटैच करने के विरोध की तैयारी कर रही हैं। किसान यूनियनों ने बुधवार को एसडीएम ऑफिस के सामने धरने का ऐलान किया है। किसानों का कहना है कि अगर मिल कुर्क हो गई तो उनका बकाया भुगतान डूब जाएगा।



### 6000 किसानों का 70 करोड़ बकाया

बनौंदी शुगर मिल की ओर से 6000 से ज्यादा किसानों का करीब 70 करोड़ रुपये बकाया है। पिछले लंबे समय से किसान इन लंबित भुगतान के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि कर्ज में डूबी मिल किसानों की इस पेमेंट का भुगतान नहीं कर पा रही है।

### फसल लोन के 35 लाख डकारे

2014 में राज्य सरकार की ओर से फसल लोन की योजना आई थीद्ध योजना के मुताबिक कोई भी गन्ना उत्पादक किसान शुगर मिल की गारंटी पर 3 लाख तक का क्रॉप लोन ले सकता है। इस योजना का फायदा शुगर मिल ने उठाया। उसने किसानों को बहला फुसलाकर 600 से अधिक किसानों के नाम पर दो बैंकों से 35 करोड़ से अधिक का लोन ले लिया।

### जेल की हवा खा रहे हैं मालिक

चीनी मिल को डूबोने में काफी हद तक मालिक राहुल आनंद व सहयोगियों का भी हाथ है। आरोप है कि राहुल आनंद ने कई अलग-अलग कंपनियां बनाकर सहयोगियों के साथ मिलकर एनएसईएल में 122 करोड़ का घोटाला किया है। 3 साल पहले हरको बैंक के जीएम की शिकायत पर शहजादपुर पुलिस ने राहुल आनंद पर केस दर्ज किया था।

### 400 करोड़ के कर्ज में डूबी मिल

बनौंदी शुगर मिल 400 करोड़ के कर्ज में डूबी है। पता चला है कि मिल की ओर हरको बैंक के करीब 120 करोड़, इरेडा के 200 करोड़ व किसानों के 70 करोड़ की रकम बकाया है। मिल घाटे में होने की वजह से हर साल यह रकम बढ़ती है। बढ़ते कर्ज की वजह से मामला अदालत में चला गया। इसी वजह से अदालत ने मिल को कुर्क कर बकाया भुगतान के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी किसानों ने कुछ दिन हपले ही मिल की ओर किसानों के बकाया गन्ने के भुगतान का जिक्र किया था। तब मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल निजी है।

# चीनी मिल के कुर्क होने के लिए सरकार जिम्मेदार

## प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर बोला हमला

- पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



बनौंदी शुगर मिल के अटैच होने को लेकर अब प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षो से सरकार शुगरमिल पर आंख कान बंद करके बैठी रही। किसान की जीवन रेखा पर कुर्की की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि 2014 में हाईकोर्ट में नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड ने केस दायर किया था जिसमें अन्य के अलावा नारायणगढ शुगरमिल मिल भी पक्षकार थी। सिविल रिट पिटीशन में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश को इस मामले में रिटायर्ड जस्टिस की अगुवाई में सुप्रीम कमेटी का गठन कर दिया था ।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कमेटी ने अपने आदेश दिनांक 24 अगस्त 2023 को शुगर मिल की संपतियों को अटैच कर दिया। 30 सितंबर 2019 की एसडीओ सिविल शुगर मिल की सीईओ भी है ने कैन कमश्िनर को पत्र लिख इस सारे मामले से अवगत करते हुए एडवोकेट जनरल से कानूनी सलाह लेने के लिए लिखा लेकिन सरकार ने आंखे मुंदे रखी। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि यह मिल कुर्क हो जाती है तो मिल से जुड़े लगभग 7 हजार किसानों को भारी नुकसान होगा।

## जरुरतमंदों को कंबल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सर्दी के मौसम से बचाव के लिए श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता ने अपने परिजनों के सहयोग से लाला हरि चंद रविंद्र कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से नई अनाज मंडी में सैकड़ों जरुरतमंदों को गर्म कंबल तथा गर्म कपड़े वितरित किए। सत्य प्रकाश गुप्ता के साथ विनय गुप्ता, शीशपाल सिंगला, हंस राज सिंगला प्रधान श्री कृष्ण कृपा गौशाला, राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग व अंशुल बंसल सदस्य कार्यकारिणी, राजेश सिंगला प्रदेश महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज, कपिल मित्तल कोषाध्यक्ष श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत, हरविंद्र बंसल व चत्तर सिंह इत्यादि ने तीन सौ से अधिक लोगों को गर्म कंबल दिए। विनय गुप्ता ने बताया कि सत्य प्रकाश गुप्ता ने छोटे भाई स्वर्गीय रविन्द्र गुप्ता की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर कंबल वितरित किए। इसके उपरांत विशाल भंडारे में सैंकड़ों लोगों को भोजन करवाया गया।

# हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व

- श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में सुंदर कांड पाठ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** प्रभु श्रीराम का गुणगान करते हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी।

श्री महेश्वर हनुमान मंदिर सेक्टर 13 में श्री बजरंग बालाजी दरबार द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से संगत पहुंची। इस दौरान हिंदू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने हनुमान जी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की और प्रभु श्रीराम के भजन गाए। भट्टी ने कहा कि मेरे व मेरे परिवार पर हनुमान जी की अपार कृपा है। जो मुझे प्रभु श्रीराम की कृपा से हनुमानजी का रूप मिला हुआ है। हनुमान जी सदैव उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है। श्रीबजरंग बालाजी दरबार के संयोजक बजरंग दास ने कहा कि सुंदर कांड का पाठ करने से प्रभु श्रीराम जी की कृपा होती है। हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व होता है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## करोड़ा अब स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा : गोलन

- विधायक रणधीर गोलन ने 45 लाख रुपये से गांव करोड़ा में स्ट्रीट लाइटों का किया उद्घाटन

**पूंडरी।** विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि हलके में करोड़ों रुपये की धनराशि से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अब गांव में ही लोगों को शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। रात के समय में जैसे लाइटों से शहर जगमग रहते हैं, वैसे ही इसी तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र भी लाईटों से जगमग होने लगे। यह सब हलके वासियों के आशीर्वाद से हो पाया है। विधायक रणधीर गोलन मंगलवार को गांव करोड़ा में 45 लाख रुपये की धनराशि से स्ट्रीट लाइटों का उद्घाटन करने उपरांत बोल रहे थे।

गांव करोड़ा में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हलके में विकास कार्य मंजूर करवाए जा रहे हैं। लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाता है। ग्रामीण यदि सामुहिक मांगों को मेरे समक्ष रखते हैं तो उन्हें तुरंत मुख्यमंत्री मनोहर से मंजूर करवाया जाता है। पूंडरी हलके में बहुत से गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण करवाया गया है तथा कई गांवों में सामुदायिक भवन पर कार्य चल रहा है। कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सेवाओं का लाभ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वास्तव में ही विधायक रणधीर गोलन का काम करवाने की क्षमता में कोई मुकाबला नहीं हैं। पूरे हरियाणा में एकमात्र पूण्डरी हल्का है जहां सबसे ज्यादा ग्रांट विधायक ने सरकार से लाने का काम किया।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सफाई कर्मियों ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह ने किया।

प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का अक्टूबर महीने का भी मानदेय जारी नहीं हुआ है जबकि अभी हाल में पंचायत विभाग की ओर से बकाया वेतन जारी करने का लेटर भी जारी हो चुका है। इस महंगाई में एक-एक दिन काटना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय अधिकारी सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ले रहे हैं। इसके इलावा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड आजतक जारी नहीं हुए हैं। जिला में कई ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है लेकिन आजतक उसके परिवार को सरकार की तरफ से कोई मुआवजा नहीं मिला है।

## गणेशपुर में साहिबजादों के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए वीर बाल दिवस पर गांव गणेशपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमेन राजेश कुमार लाडी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि साहिब-ए-कमाल गुरू गोबिंद सिंह महाराज और माता गुजर कौर की शहीदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता हैं। इस अवसर पर जिला परिषद.के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा भी मौजूद रहे। लाडी ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम साहिबजादों का जीवन संदेश हर बच्चे तक पहुंचाए, जिससे की बच्चे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश का एक अच्छा नागरिक बन सकें।

# स्कूल शिक्षा के मंदिर, पढ़ने वाले समाज की अमूल्य धरोहर

- संत मनदीप दास ने एसडीएम के साथ स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय सिरसगढ़ में यूनिफॉर्म वितरण समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत मनदीप दास की अध्यक्षता में यह



**अंबाला।** स्कूली छात्रों को यूनिफोर्म का वितरण करते संत मनदीप दास व एसडीएम बलविंद्र हांडा। फोटो :हरिभूमि

कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में अति विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा व सरपंच रामनाथ मौजूद रहे । यहां अपने संबोधन में संत मनदीप दास ने कहा कि स्कूल शिक्षा के मंदिर है। इनमें पढ़ने वाले विद्यार्थी समाज की अमूल्य धरोहर हैं। संत मनदीप दास ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा के ऊपर जोर दिया है । साथ ही कहा की बच्चों को शिक्षा संबंधित जरूरतों का ख्याल रखना शिक्षकों के साथ समाज की भी जिम्मेदारी है इसलिए छात्रों की मदद करने से बेहद आत्मिक खुशी मिलती है।एसडीएम बलविंदर सिंह हांडा ने छात्रों को स्कूली वर्दी प्रदान करने पर संत मनदीप दास महाराज का आभार एवं धन्यवाद जताया । एसडीएम ने कहा कि संत मनदीप दास ने स्कूली छात्रों को जरुरत का सामान उपलब्ध करवाकर नेक काम किया है। उन्होंने दूसरे लोगों से भी ऐसी सेवा में अपनी आहुति देने की बात कही। इस मौके पर श्री गुरू रविदास धर्म अस्थान मंदिर सिरसगढ़ के प्रधान अमित मल , रमेश कुमार धीन एवं कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहें ।

## खबर संक्षेप

### पेंटिंग में शिवानी व चंद्रेश रहे प्रथम स्थान पर

**भिवानी।** आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर में संचालित ओपन शेल्टर होम, आदर्श पुनर्वास स्कूल व स्पेशल स्कूल में मंगलवार वीर बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने कहा कि आज सिखों के दसवें गुरु श्रीगुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादा जोरावर सिंह व फतेह सिंह की याद में आजादी के अमृतकाल में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया।

### नरेश बुवानी का गांव खरक में अभिनंदन

**भिवानी।** समाजसेवी नरेश बुवानी का गांव खरक में पहुंचने पर पंच सोनू की अध्यक्षता में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। समारोह में सरपंच नीटू व अन्य ग्रामीणों ने नरेश बुवानी का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बुवानी ने कहा कि आज उन्हें जो मान सम्मान दिया है।

### तुलसी का महत्व अतुलनीयः पारूल

**भिवानी।** झांसी की रानी एक प्रेरणा समूह एवं भारतीय प्रजापति हिरोज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा तुलसी दिवस पर गांव धनाना में कार्यक्रम का आयोजन किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्वेता ने दी। इस दौरान तुलसी की पूजन-अर्चना की गई। इस मौके पर समूह की जिला अध्यक्षा पारूल ने तुलसी का महत्व को अतुलनीय बताया।

### प्रिया दसवीं परीक्षा में जिलेभर में रही प्रथम

**भिवानी।** डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रिया श्योराण ने सीबीएसई के तहत दसवीं कक्षा में जिलेभर में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने परीक्षा में 98.40 प्रतिशत अंक अर्जित किये। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने प्रिया को सम्मानित किया। स्कूल स्टाफ ने कहा कि प्रिया अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए 24 घंटे में से 10 घंटे तक पढ़ती हैं।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 27 को

**तोशाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 27 दिसंबर को कस्बे के चौ. सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में एक दिवसीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम मनोज कुमार दलाल करेंगे। यह जानकारी देते हुए सीडीपीओ विभूति ने बताया कि 18 से 30 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक की आयु के दो वर्गों में आयोजित होगी।

### प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया दमखम

**भिवानी।** कैरियर प्लेनेट स्कूल परिसर में शीतकालीन कार्निवल और तुलसी पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव कुमार, यतेन्द्र नाथ व अनीता नाथ और विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन श्योराण व बच्चों द्वारा तुलसी पूजन से किया गया।

### भाषण प्रतियोगिता में कुसुम ने मारी बाजी

**तोशाम।** गांव कैरु स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिन्दी भाषण व दंत प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, जिसमें इसमें कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंच का संचालन प्राध्यापक जोगेन्द्र शर्मा ने किया। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. राजकुमार, मंजीत लेघां व दीपक सोनी ने लगभग 292 विद्यार्थियों का निरीक्षण किया और दांतों संबंधी रोग पायरिया, मसूड़ों से खून आना व दांतों का पीलापन आदि गंभीर रोगों से अवगत करवाया।

### बीएम स्कूल में वार्षिक उत्सव में रंगारंग प्रस्तुति

**चरखी दादरी।** गांव लोहरवाड़ा स्थित बीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल परिसर में वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। स्कूल संचालक मंजीत फौगाट ने मां सरस्वती की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत बच्चों ने गणेश वंदना, संस्कृत श्लोक, सरस्वती वंदना की प्रस्तुतियां दी।

# गणित दिवस पर विद्यार्थियों को गणित में करियर बनाने का महत्व बताया

- पोस्टर प्रतियोगित में भाग लेकर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल सी सैक स्कूल, भिवानी के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने कहा कि जीवन में सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुँचने के लिए गणित में महारथ होना अत्यंत आवश्यक है। गणित में महारथ हासिल करने वाला ही मुकाम तक पहुंचता है। उन्होंने विद्यार्थियों से गणित विषय में जी तोड़ मेहनत करने का आहवान किया। वे आज स्कूल में गणित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गणित प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं मिष्ठी व मानवी गुप्ता को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गणित मानव जीवन का मूलाधार है, जीवन का कोई भी पथ भी गणित से अछूता नहीं हैं। बात चाहे बजट निर्धारण की हो, या बचत/ खर्च का सामंजस्य बैठाने की हो या निर्माण कार्य सम्बन्धी निर्णय लेने की हो, गणित के बिना कुछ भी संभव नहीं है, अतः प्रत्येक विद्यार्थी का यह कर्त्तव्य होना चाहिए कि वह पूर्ण मनोयोग से गणित का पठन-पाठन करे ताकि भविष्य में उसे अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े।

## गणित मानव जीवन का मूलाधार है विद्यार्थी सहीं से करें तैयारीः शिवरत्न

### विजेता विद्यार्थियों का किया सम्मान

उल्लेखनीय है कि 22 दिंसबर 2023 को गणित दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय टी0आई0टी कॉलेज में हरियाणा राज्य विज्ञान प्रोद्यौगिकी एवं नवाचार संस्थान सरकार के तत्वावधान में गणित प्रदर्शनी, गणित प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमे वैश्य मॉडल स्कूल की छात्राओं मिष्ठी एवं मानवी गुप्ता द्वारा बनाया गया गणित विषय संबंधी मॉडल गणित प्रर्दशनी प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान पर रहा। आयोजकों द्वारा गणित प्रश्नोत्तरी के लिए आयोजित प्रथम चरण की लिखित परीक्षा मे कुछ खामियों के चलते वैश्य मॉडल स्कूल की प्रश्नोत्तरी की टीम लिखित परीक्षा मे अधिकतम अंक होने के बावजूद गलत अंकन के कारण मुख्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने में वंचित रह गई जिससे तीनों विद्यार्थी अत्यंत हतोत्साहित हुए।



भिवानी। प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को किया शिक्षा के प्रति प्रेरित

प्रधानाचार्या श्रीमती कमला गुरेजा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्ररेणा दी कि विद्यार्थियों को पूरी लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ हर गतिविधि में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होने गणित प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ शेष सभी विद्यार्थियों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर इन विद्यार्थियों को तैयार करने वाले गणित विभाग के अध्यापक/अध्यापिकाएँ उपस्थित रहे।

## पोस्टर मेकिंग के संचार व यातायात विषय में रीतिका प्रथम

# विज्ञान प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम





भिवानी। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि, विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### टीआईटी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

एससीईआरटी गुड़गांव द्वारा प्रायोजित साइंस मैथ एनवायरमेंट एग्जिबिशन तथा पोस्टर मेकिंग एवं रोल प्ले कम्पीटिशन का भिवानी ब्लॉक में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन बीईओ डॉ. अनिल गौड़ के निर्देशन पर टीआईटी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक एवं प्रवक्ता अनिल अरोड़ा के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में ब्लॉक से लगभग 20 स्कूलों ने भाग लिया तथा अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न थीम्स के अनुसार बच्चों ने मॉडल बनाए, जिसमें हेल्थ एनवायरमेंट ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन कंप्यूटेशनल थिंकिंग इत्यादि विषय थे। प्रदर्शनी का शुभारंभ पर मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़, प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक, प्रवक्ता प्रवेश गौतम, डॉ. मनोज शर्मा व लक्ष्मण गौड़ ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में ब्लॉक ऑर्डिनेटर अनिल अरोड़ा ने मंच संचालन किया। गौड़ ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में साइंटिफिक टेंपरामेंट को बढ़ाने का काम करती है। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने प्रथम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने का मौका मिलेगा। कक्षा पांच थीम्स के ऊपर बच्चों ने दो ग्रुप कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों ने विभिन्न विज्ञान प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### ये रहा परिणाम

प्रदर्शनी के पोस्टर मेकिंग के संचार व यातायात विषय में रीतिका प्रथम, खेती में भूपेश राजकीय स्कूल चांग प्रथम, कम्प्यूटर विज्ञान में तनु शर्मा जनसेवा विद्या विहार से प्रथम, स्वास्थ्य विषय में तनवी उत्तमी बाई स्कूल से प्रथम स्थान पर रही। कक्षा 9वीं से 12वीं के पोस्टर मेंकिंग खेती विषय में हिमांशी एसआरएस स्कूल से प्रथम, कम्प्यूटर में टीआईटी से नवीन गौस्वामी प्रथम, जीवन शैली में एसआरएस स्कूल से सानिया प्रथम पर रही। विज्ञान प्रदर्शनी में टीआईटी स्कूल से जीवन शैली विषय में अमन प्रथम, स्वास्थ्य में अमित प्रथम, खेती में आकांक्षा प्रथम, यातायात संचार में राजकीय हाई स्कूल ढ़ाणी हनुमान से सचिन प्रथम, कम्प्यूटर कम्युनिकेशन में टीआईटी स्कूल से अभिषेक प्रथम स्थान पर रहे।

### विजेताओं को किया सम्मानित

विजेताओं को मुख्यतिथि डॉ. गौड़, प्राचार्य कौशिक, प्रवक्ता प्रवेश गौतम आदि ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रवक्ता मनोज कुमार, प्रवक्ता बबीता, पूनम शर्मा, सोनिया, शैलेश, मीनू देवी, प्रवेश गौतम, लक्ष्मण गौड़ ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में के प्राचार्य कौशिक एवं विद्यालय के अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।

## संत रोशनलाल विद्या की छात्राओं ने जिलास्तरीय समूहनृत्य में मारी बाजी



**तोशाम।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन ग्रुप द्वारा गांव ढाणी माहू में संचालित संत रोशन लाल विद्या मंदिर की छात्राओं ने गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 7100 रुपये का नकद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह अपने नाम किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली समूह नृत्य टीम मुस्कान, करुणा, मुस्कान यादव, तमन्ना, चंचल, गरिमा, अनु, ज्योति और कनिका शर्मा पुलस्तय ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अपना व माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर यदुवंशी ग्रुप के अध्यक्ष राव बहादुर सिंह एवं संत रोशन लाल विद्या मंदिर के अध्यक्ष अपूर्व अग्रवाल ने विजेता छात्राओं, अध्यापकगण एवं उनके माता-पिता को बधाई दी। वहीं कनिका शर्मा के पिता एवं भगवान परशुराम जनसेवा समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा तथा अन्य अभिभावकों ने विद्यालय परिवार की प्रशंसा की। प्राचार्य प्रेमलता नेहरा ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्री लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभा खोजो प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर एक बार फिर लहराया परचम



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेडा क्षेत्र के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने हर वर्ष होने वाली प्रतिभा खोज प्रतियोगिता जो स्वामी विवेकानंद समिति गाँव तालू द्वारा संचालित की जाती है में कक्षा दसवी से जयंत सुपुत्र सुरेंदर सिंह गाँव पुर ने ब्लॉक स्तर पर पहला और ज़िला स्तर पर तीसरा स्थान तो वही देवांशी सुपुत्री सुनील कुमार बवानी खेडा ने ब्लॉक स्तर पर दूसरा और ज़िला स्तर पर छठा स्थान और कीर्ति सुपुत्री सतीश कुमार तालू ब्लॉक स्तर पर तीसरा और ज़िला स्तर पर तेहरवा स्थान हासिल किया तो वही कक्षा नौवी से शिवम् सुपुत्र हरिओम गाँव कुंगड़ ने ब्लॉक स्तर पर पहला और जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल करके विद्यालय और अपने माता.पिता का नाम रोशन किया है। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य संजय बामल ने सभी बच्चो की शानदार सफलता के लिए बधाई दी। और इस सफ़लता का श्रेय सभी शिक्षको को देते हुए उन्होंने बताया की इस तरह की प्रतियोगिताओं में बच्चो की भागेदारी मानसिक बौधिक स्तर को उच्चा करने के लिए बहुत जरुरी है।

# सांस्कृतिक प्रतिभा से मोहा मन

- अभिव्यक्ति क्षमता के विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आवश्यक : दलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते कृषिमंत्री जेपी दलाल।

हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जारी नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का हवन-यज्ञ के साथ समापन हुआ। कथा के दौरान नौ दिनों तक कथाव्यास महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के महत्व से श्रद्धालुओं को रूबरू करवाया। कथा के समापन के उपरांत मंदिर में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ, जिसमें जिलेभर के 31 स्कूलों के करीबन 250 बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मौके पर कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बतौर मुख्यतिथि पहुंचकर कार्यक्रमों की शुरूआत की। कार्यक्रम का आयोजन महंत चरणदास के सान्निध्य में हुआ। इस मौके पर मुख्यतिथि ने सभी को नशे से दूर रहने व नशे के दुष्प्रभाव के बारे लोगों को अवगत करवाने की शपथ भी दिलवाई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागी बच्चों ने नृत्य, गायन सहित हरियाावी व देशभक्ति संस्कृति को दशार्ती विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

### कराटे प्रतियोगिता में छात्रों ने जीते पदक

**भिवानी।** सिरसा में 22 से 24 दिसंबर तक हुई उत्तर भारतीय कराटे प्रतियोगिता में भिवानी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर आठ स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर उपविजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। मंगलवार को भिवानी चैंपियंस कराटे अकेडमी में पहुंचने पर संघ के चेयरमैन ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भिवानी के खिलाड़ी हर खेल में अव्वल रखते हैं। संघ महासचिव एवं हरियाणा कोच डॉक्टर प्रवीण गहलोत ने बताया कि प्रतियोगिता में भिवानी के नौ खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें सब जूनियर पुरुष स्पर्धा में नीलेश ने रजत पदक, कैडेट पुरुष वर्ग में हर्षित गहलोत ने स्वर्ण पदक, महिला वर्ग में 35 किलो में मन्नत ने स्वर्ण पदक जीता।

# छात्रों ने वार्षिक समारोह में दिखाई प्रतिभा

- विद्यार्थी कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभी का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा




बवानीखेड़ा। मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में रविवार को वार्षिक समारोह में मंच पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में रविवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां नृत्य गीत व नाटकों का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य थीम वसुधैव कुटुंबकम रही। इस समारोह में नर्सरी कक्षा से 12वीं क्लास के तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के उप.कुलपति डॉक्टर बीआर कंबोज, विशिष्ट अतिथियों में एसोसिएट निदेशक डाक्टर कृष्ण यादव, सीसीएसएचएयू कैंपस स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी, सीसीएसएचएयू से मीडिया सलाहकार संदीप आर्य, चेयरमैन एवं समाजसेवी आनंद यादव, नंबरदार कुलदीप यादव,स्कूल अभिभावक केपी भटनागर, निदेशक एवं समाजसेवी साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को चार.चांद लगा दिए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा छूना है आसमान, सपने सपने रे, चुन चुन करती आई चिड़िया, हरियाणवी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, मणिपुरी नृत्य की प्रस्तुति से सभी का मन मोहा।

## भारत माता अभिनंदन संगठन ने मनाया बाल बलिदान दिवस

# शहादत दिवस पर साहिबजादों को किया नमन

- धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान अद्वितीय : जेपी दलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

टिबडेवाल सभागार में मंगलवार को भारत माता अभिनंदन संगठन की भिवानी इकाई द्वारा बाल बलिदान दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सचिव ज्योति मित्तल तथा विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने की। कार्यक्रम में महंत चरणदास महाराज, आरएसएस स्वयंसेवक सत्यनारायण मित्तल, धर्मेंद्र जिंदल, अरुण भांगढ़ीया, सरदार प्रेमसिंह गुरुद्वारा गुरूसिंह सभा देवसर चुंगी के ग्रंथी, सरदार सुभाषचंद्र, ब्रह्माकुमारी का शिष्टमंडल ने शिरकत की। अतिथियों ने कहा कि श्रीगुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान अद्वितीय हैं, उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दे दिया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उपस्थित सभी व्यक्तियों ने भारत माता की आरती एवं साहिबजादों को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। बाल बलिदान दिवस के प्रणेता अधिवक्ता डॉ. पुरुषोत्तम दास ने बताया कि वर्ष 2020 में संगठन ने ही इस दिन को देश की जनता के सम्मुख बाल बलिदान दिवस के रूप में प्रस्तुत किया था, जिसे केंद्र सरकार ने वीर बाल दिवस के रूप में मान्यता भी प्रदान कर दी है। 26 दिसंबर 1705 में गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह को तत्कालीन मुगल नवाब वजीर खान ने सरहन्द किले की दीवारों में जिंदा ही चिनवा दिया था, इसीलिए साहिबजादों का बलिदान पूरे विश्व में अद्वितीय है सुलेख प्रतियोगिता में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से चयनित लगभग 500 विद्यार्थियों को समारोह में ईनाम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति समूह नृत्य प्रस्तुति दी। संगठन की राष्ट्रीय महासचिव मंजू मित्तल ने नागरिकों को देश धर्म की रक्षा करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम संयोजक संदीप अग्रवाल ने बताया कि बाल बलिदान दिवस हमें अगरवंशी दानवीर टोडरमल की भी याद दिलाता है।

### शिविर के 5वें दिन निकाली रैली

**भिवानी।** सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में जारी सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत एवं आजादी के अमृत महोत्सव के थीम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटिका का आयोजन किया। प्रोग्राम की शुरूआत संस्कृत प्रवक्ता नवीन कुमार ने सरस्वती वंदना के साथ की। नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छ भारत अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई जागरूकता रैली को जिला शिक्षा अधिकारी नरेश मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**सूचना**

मैं, शेर सिंह पुत्र श्री शिवलाल निवासी वार्ड नंबर-2, लोहारू तहसील लोहारू जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विनोद तथा मेरी पुत्रवधु पिंकी मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुन्दरी पत्नी बृजलाल पुत्र देवाराम गांव बहल उपतहसील बहल जिला भिवानी बयान करती हूं कि मेरे पुत्र हनुमान तथा रोतास और मेरी पुत्रवधुएं नीतु पत्नी हनुमान तथा नरेश पत्नी रोतास मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंदों के बीच गैस सिलेंडर वितरित

**बवानीखेड़ा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव प्रहलादगढ़, निमडीवाली, दुर्जनपुर व किरावड़ में पहुंची। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ठा. विक्रम सिंह ने गांव प्रहलादगढ़ में और जिला सह संयोजक रोहताश चौहान ने गांव दुर्जनपुर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत लाभ पात्रों को गैस सिलेंडर भी वितरित किए।

### विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया

**लोहारू।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव बुढ़ेडा, बीठन स्वागत किया गया और इस मौके पर विभिन्न विभागों की स्टॉलें लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की।

### जरूरतमंदों को मिल रहा लाभ : फौगाट

**चरखी दादरी।** जरूरतमंद एवं अंतिम व्यक्ति तक केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सरकार द्वारा किया गया है। यह बात महिला विकास निगम की चेयरपर्सन बबीता फौगाट ने समसपुर और लोहरवाड़ा में यात्रा के दौरान कही।

### जोरावर सिंह और फतेह सिंह को किया याद

**भिवानी।** विद्या नगर स्थित इंडियन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बालवीर दिवस के अवसर पर वाल वीरों को याद किया। भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धुपड ने बाल वीरों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित स्कूल प्रांगण में बच्चों को बाल वीरों की जानकारी बच्चों को दी।

### बीपीआर स्कूल के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के 25 दिसंबर को बीपीआर विद्यालय में तुलसी पूजन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऐसी मान्यता है कि जहां तुलसी फलती है, उस घर में रहने वालों पर कोई संकट नहीं आते। बीपीआर स्कूल के प्रांगण का दृश्य निराली छटा लिए हुए अपनी ओर आकर्षित कर रहा था।

## किसान सभा ने शहीद उधम सिंह की मनाई जयंती, श्रद्धासुमन किए अर्पित

# लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने के लिए शहीद उधम सिंह के जीवन से लें प्रेरणा

### शहीद उधम सिंह ने जलियांवाला नरसंहार करवाने वाले गर्वनर डायर को इंग्लैंड में मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव मिताथल में अखिल भारतीय किसान सभा ने शहीद भगत सिंह चौक में शहीद उधम सिंह की 124वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के नेता छाजूराम सिवाच ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि जंलियावाला कांड में हजारों शहीदों को मौत के घाट उतारने के आदेश देने वाले पंजाब के गर्वनर सर माईकत ओ डायर को शहीद उद्यम सिंह ने इंगलैंड में जाकर मौत के घाट उतारा और हमारे हजारों शहीदों की मौत एवं देश के अपमान का बदला लेकर गौरवशाली इतिहास रचा, ऐसे महान क्रांतिकारी उधम सिंह को सदियों सदियों तक देश याद रखेगा। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह ने 13 मार्च 1940 में शहीदे आजम भगतसिंह की शहादत के बाद ये बहादुरी दिखाकर हिन्दुस्तान के करोड़ों नौजवानों को आजादी आन्दोलन में शहादत देने के लिए प्रेरित किया था, आज भी भारत की जनता अपने प्रिय शहीद उद्यम सिंह को याद कर प्रेरणा लेती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की आजादी लाखों शहीदों ने कुर्बानियां देकर हासिल की थी, उसे कॉरपोरेट राज ने खतरे में डाल दिया है, जिसकी वजह से संविधान व उसके तहत दिए गए अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। देश में कारपोरेट की लूट सुनिश्चित करने के लिए जनता की रोजी रोटी पर हमला किया जा रहा है। देश के वर्तमान शासक तानाशाही राज स्थापित करने में लगे हैं, बात तो चार जातियों गरीब, युवा, महिलाएं व किसान के उत्थान की करते हैं, लेकिन इन्हीं वर्गों पर कारपोरेट परस्त नीतियों की मार डाली जा रही है। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि देश में भंयकर बेराजगारी, महिला उत्पीड़न, बढ़ती मंहगाई, कृषि संकट ने इन वर्गों रोजी रोटी छीन ली है, धर्म व जाति की लड़ाई करवाकर भाईचारा खत्म किया जा रहा है। हमें इन जनता विरोधी ताकतों को परास्त करने के लिए शहीद उद्यम सिंह से प्रेरणा लेनी होगी, तभी हमारा लोकतंत्र व संविधान बच पाएगा।



**भिवानी।** शहीद उधमसिंह को नमन करते किसान सभा के छाजूराम सिवाच, कामरेड ओमप्रकाश व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

मौके पर धर्मबीर सिवाच, बलजीत सिंह, सतपाल, मनफूल, रामचन्द्र, राजकुमार दलाल, नागरा पहलवान, राजेश फोगाट, सतपाल घुसकानी, अश्वनी, रामनिवास, कृष्णपाल, प्रताप सिंह सिंहमार आदि मौजूद रहे।



### संगठनों ने शहीद उधम सिंह को किया याद

**भिवानी।** नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा महान क्रांतिकारी सरदार उधम सिंह की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर वार्ड 25 के पार्षद विनोद प्रजापति व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महान क्रांतिकारी उधम सिंह के बलिदान के कारण ही हम आज खुली हवा में सांस ले रहे है। उधम सिंह का पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में काम्बोज जाटव परिवार में हुआ था। उन्होंने कहा कि शहीद उधमसिंह 13 अप्रैल 1919 को घटित जालियांवाला बाग नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शी थे।



### शहीदों के विचारों का अनुसरण करें युवा

**भिवानी।** भक्ति के तराने गाएं, आओ हम सब मिलकर शहीद वीर उधम सिंह जी की जयंती मनाएं, उक्त पंक्तियां मंगलवार को आजादी के परवाने और जलियांवाला बाग हत्या कांड का बदला लेकर देशवासियों को सच्ची श्रद्धांजलि देने वाले वीर उधम सिंह की जयंती पर डॉ. आंबेडकर कॉलोनी स्थित गुरू रविदास धर्मशाला में दिग्विजय सिंह चौटाला के नीजि प्रेस सचिव जजपा प्रदेश प्रवक्ता राजू मेहरा ने कहे। युवाओं ने शहीद उधम की जीवनी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को डॉ. आंबेडकर युवा संघर्ष समिति अध्यक्ष हनुमंत मुआल, प्रधान रमेश भौरिया, महासचिव संतलाल रैयया, श्यामसुंदर ने सम्बोधित किया।



### केआर स्कूल में मनाया बाल बलिदान दिवस

**भिवानी।** केआर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बाल बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर देशभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से गुरू गोविंद सिंह के साहेबजादों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष विनोद चावला, महामंत्री राहुल नरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता नरेंद्र दीवान, रूबी, पवन चौहान, रमण सैन व विाशिष्ट अतिथि अंकुर अग्रवाल ने शिरकत की। अतिथियों ने गुरू गोविंद सिंह व उनके साहेबजादों की गौरवगाथा से बच्चों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों व स्कूल प्रबंधक संजय शर्मा ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने कहा कि वीर बाल बलिदान दिवस मनाने का उद्देश्य युवाओं, देशवासियों, महिलाओं में राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान एवं मूल्यों स्थापित करना और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि साहेबजादों का सर्वोच्च बलिदान सभी को प्रेरणा देता रहेगा तथा राष्ट्र इन वीरों के शौर्य, त्याग व समर्पण का सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर नीलम चौहान, आरती, मोनिका, मधु, रिया, पूजा, संजू, कीर्ति, इंदु, खुशी, रमेश आदि मौजूद रहे।



### भाजपाइयों ने शहीद उधम सिंह को किया नमन

**भिवानी।** शहीद सरदार उधम सिंह भारतीय इतिहास में एक ऐसा नाम है, जिसे जलियावाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए याद किया जाता है। सरदाम उधम सिंह नाम उन क्रांतिकारियों में शामिल है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावार कर दी। शहीद उधम सिंह की जयंती पर उन्हें देशभर में याद किया जा रहा है। भिवानी में शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किय। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि शहीद उधम सिंह का जन्म 26 दिसम्बर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ था। उन्होंने कहा कि सन 1901 में उधमसिंह की माता और 1907 में पिता का निधन हो गया और उन्हें अपने बड़े भाई के साथ अमृतसर के अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि 1919 में उद्यम सिंह ने अनाथालय छोड़ दिया और क्रांतिकारियों के साथ मिलकर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। उधमसिंह गर्वनर डायर को मारने की अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए लगातार काम करते रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1940 में इंग्लैंड में मीटिंग में शहीद उधम सिंह ने माइकल ओ डायर पर गोलियां दागी और दो गोलियां डायर को लगते ही तत्काल उसकी मौत हो गई। शहीद उधम सिंह ने अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर सैकड़ों भाई-बहनों की मौत का बदला लिया।



### शहीद उधम सिंह को किया याद

**भिवानी।** सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा विवेकानंद हाई स्कूल में अमर शहीद उधम सिंह की जयंती एवं गुरु गोविंद सिंह के दो साहेबजाद जोरासिंह व फतेह सिंह को याद किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के समक्ष उनके त्याग और बलिदान के बारे में बताया गया कि किस प्रकार से गुरु गोविंद सिंह के छोटे-छोटे बच्चों ने अपना त्याग और बलिदान देकर अपने धर्म की रक्षा की। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में देश के क्रांतिकारियों का त्याग व बलिदान सर्वोपरि रहा है, जिसमें अमर शहीद उधम सिंह का भी नाम बड़े गर्व के साथ लिया जाता है। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज व विद्यालय संचालिका सावित्री यादव ने कहा कि शहीद उधमसिंह ने जलियांवाला बाग नरसंहार करवाने वाले जनरल डायर को इंग्लैड में जाकर गोली मारी थी, जिस पर अंग्रेजों ने अमर शहीद उधम सिंह को फांसी पर लटका दिया था। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हर साल 26 दिसंबर को माता गुजरी और गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की शहादत की याद में वीर बाल दिवस मनाने का ऐलान करने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया, क्योंकि माता गुजरी और दोनों साहिबजादों जोरावर सिंह व फतेह सिंह को सरहिंद के नवाब वजीर खां ने उन्हें जिंदा दीवार में चिनवा दिया।



### शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी आचार्या कविता तंवर के निर्देशन में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे जो अपने धर्म के लिए छोटी-सी उम्र में शहीद हो गए थे, उनकी याद में बड़े उल्लास के साथ स्वयंसेवकों द्वारा वीर बाल दिवस मनाकर उनके बलिदान को याद किया। साथ ही अदम्य साहस व शौर्य के परिचायक सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रशासन दीवानचंद रहेजा ने शहीद उधम सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आचार्या वीणापाणि ने गुरुबाणी के माध्यम से वीर शहीदों के प्रति अपने उद्गार व्यक्त किए। छात्रा रिद्धिमा ने ओजस्वी शैली में शहीद उधम सिंह की बहादुरी पर भाषण प्रस्तुत किया। आचार्या प्रेरणा व अनुराधा ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान के वर्णन पर कविता प्रस्तुत की। रिया सिंह व तेजस्वी ने भाषण में वीर बाल शहीदों के प्रति उद्गार व्यक्त किए। आचार्या कविता तंवर ने वीर शहीदों को नमन किया। आचार्या अनुराधा ने कुशल मंच संचालन किया। प्राचार्य विमलेश आर्य ने साहिबजादों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि छोटी उम्र में ही मातृभूमि व धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने दुश्मनों का बहादुरी से सामना किया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की याद में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की।

### दिव्यांग बच्चों ने मनाया गया वीर बाल दिवस

**भिवानी।** आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर में संचालित ओपन शेल्टर होम, आदर्श पुनर्वास स्कूल व स्पेशल स्कूल में मंगलवार वीर बाल दिवस मनाया गया । इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने कहा कि आज सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार सुपुत्रों साहिबजादा अजित सिंह, जुझार सिंह,जोरावर सिंह व फ़तेह सिंह कि याद में आजादी के अमृतकाल में वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। पिछले वर्ष 26 दिसंबर 2022 को देश ने पहली बार वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। साहिबजादों की शहादत को हमें भूलना नहीं है। इस शहादत को आने वाली पीढ़ियां भी याद करेंगी ,इस अवसर पर सुलेख, पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। पेंटिंग में ओपन शेलटर होम की शिवानी प्रथम, काजल द्वितीय व जोया तृतीय स्थान पर रही व सुलेख प्रतियोगिता में रवीना प्रथम, ख़ुशी द्वितीय,रोहित तृतीय स्थान पर रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



### सिरसा घोघड़ा में सरदार उधम सिंह की जयंती पर निःशुल्क ट्यूशन सेंटर की शुरूआत की

**भिवानी।** अमर शहीद सरदार उद्यम सिंह जयंती के अवसर पर आज गांव सिरसा घोघड़ा में युवाओं द्वारा संचालित लाईब्रेरी में निःशुल्क ट्यूशन सेंटर की शुरूआत की गई। इस सेंटर का शुभारंभ कांग्रेस नेता एवं मास्टर सतबीर रतेरा द्वारा जलियावाला बाग के प्रतिशोधक सरदार उद्यम सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते हुए पुष्पांजली अर्पित कर किया गया। इस मौके पर मास्टर सतबीर रतेरा ने लाईब्रेरी में उपयोगी जरूरी सामान सहयोग के लिए भेंट किया। मौके पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि देश के लिए शहीद उद्यम सिंह के बलिदान को भुलाया नही जा सकता है। युवाओं को ऐसे बलिदानी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मास्टर सतबीर रतेरा ने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद उधम सिंह जैसे महान लोगों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इन महान लोगों के दिखाए मार्ग पर चलकर देश व समाज के लिए निःस्वार्थ भाव से अच्छे कार्य करने चाहिए। जब समाज का एक.एक व्यक्ति देश के प्रति अपनी सकारात्मक सोच रखेगा, तभी शहीद उधम सिंह जैसे महान लोगों के सपने साकार हो सकेंगे। इस मौके पर मास्टर सतबीर रतेरा ने लाईब्रेरी के संचालन एवं निःशुल्क ट्यूशन सेंटर की शुरूआत के लिए उपस्थित युवा साथियों की प्रशंसा की।

## बवानी खेड़ा के बीके स्कूल में मनाया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हेफेड से भूतपूर्व जिला मैनेजर सुदर्शन सिंह गावड़ी ने शिरकत की, जो कि वर्तमान में हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्य हैं। यह दिवस विद्यालय प्रांगण में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के युवा पुत्रों के बलिदानए उनके अटूट विश्वास और साहस की शहादत में उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके उनके बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र.छात्राओं में उनकी सम्मानजनक शहादत की याद में गुरु नानक का मूल मंत्र व सबद के उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने चारों साहिबजादों के बलिदान की शहादत में अमन व कशिश ने भाषण, निधि ने प्रश्नोत्तर पूछे, सीरत, काजल, प्रभप्रीत व गुनरीत ने कविता का वाचन किया। कक्षा तीसरी से पाँचवीं के विद्यार्थियों ने गुरुवाणी, भजन, कविता, भाषण, लघु नाटिका के माध्यम से वीर बलिदानों की गौरव गाथा बताई, जो हमें भविष्य में सच्चे व नेक रास्ते पर चलने के लिए मार्गदर्शित करती है। कक्षा पाँचवीं से प्रीत ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर आधारित सबद सुनाया व उसका अर्थ भी समझाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदर्शन सिंह गावड़ी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करते हुए बताया कि सिखों के गुरु गोविंद सिंह जी ने सिख धर्म को बचाने के लिए किस प्रकार अपनी व अपने परिवार की बलिदानी दे दी। इस वीर कथा के माध्यम से बच्चों को समझाते हुए कहा कि उन्हें भी हमेशा सच्चाई व साहस से हर मुसीबत का सामना करना है और बच्चों को प्रेरित करते हुए नैतिक शिक्षा देते हुए कहा कि सभी को गुरुजनों व माता.पिता का कहना भी मानना चाहिए क्योंकि वही आपके भविष्य के पथ प्रदर्शक हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों के भक्ति भाव व साहस के मार्मिक वर्णन की सराहना की। उन्होंने बताया कि हमें भी गुरु गोविंद सिंह की वीरता व बलिदान की कहानी से सच्चाई व श्रद्धेय गुरुओं द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करते रहना चाहिए। मौके पर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा, सचिव योगेश शर्मा, वरिष्ठ संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ संचालिका मंजू मलिक आदि थे।



**बवानीखेड़ा।** कार्यक्रम में वीर बाल दिवस पर अपने विचार रखता एक प्रतिभागी।

## गांव आलमपुर व थिलोड में जनसंवाद यात्रा के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया

# संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दिलाई विकसित भारत की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का मंगलवार को गांव आलमपुर व थिलोड में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं का लाभार्थियों को उनका हक दिया गया। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा में लोगों की हर समस्या का समाधान हो रहा है। इस यात्रा का लाभ समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है कि सरकारी अधिकारी गांव.गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा गांव-गांव में पहुंच रही है। अब लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही मिल रहा है। सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैं,और अपना काम कराने की कोशिश करते हैं, मगर आज सभी कार्यालयों के अधिकारी आपके गांव में आए हैं। केंद्र व राज्य सरकार की इच्छा अनुसार सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रशासन के अधिकारी आपके दरवाजे पर आ रहे है। हमें इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।



**तोशाम।** भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए।

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पता: 1st फ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।